इन्वेस्ट यूपी व रूस के अधिकारियों के बीच हुई ऑनलाइन बैठक में कई फैसले

# यूपी में विदेशी निवेश लाने के लिए छह देशों में आयोजित होंगे रोड शो

## तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। विदेशी निवेशकों को उत्तर प्रदेश में आकर्षित करने के लिए छह देशों ताइवान, जर्मनी, फ्रांस, सिंगापुर, जापान और यूएई में रोडशो आयोजित किया जाएगा। यह रोड शो नवंबर में आयोजित करने की तैयारी है। इन्वेस्ट यूपी ने गुरुवार को विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए रूस डेस्क ने मॉस्को सरकार के निवेश एवं औद्योगिक नीति विभाग के साथ ऑनलाइन बैठक की।

इस बैठक में वहां के मंत्री व चेयरमैन अनातोली मिखाइलोविच गार्बुजोवव और टेक्नोपोलिस मॉस्को के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। इसमें गेंनादी डेग्तेव (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टेक्नोपोलिस मॉस्को), अनातोली एवेरिन, इरीना पिंगोरीना, तातियाना और अमर दीप सिंह (भारतीय प्रतिनिधि) शामिल रहे।

यह बैठक पिछले महीने आयोजित उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो में रूस के सफल पार्टनर देश के रूप में शामिल होने के बाद हुई है। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार अब व्यापक व्यापार सहयोग को मजबूत करने के लिए रूसी सरकार के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है। बैठक का मुख्य फोकस उत्तर प्रदेश और मॉस्को के बीच औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने पर रहा। इंवेस्ट यूपी की टीम ने इस मौके पर प्रदेश की प्रमुख निवेश नीतियों का प्रस्तुतीकरण भी किया। इन नीतियों में वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।दोनों देशों ने नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी-आधारित उद्योगों में संभावित सहयोग पर विचार किया।



■ पिछले माह ट्रेड शो के बाद रूस के संग हुई अहम बैठक

सीएम योगी से गुरुवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की।

### औद्योगिक साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा

बैठक में यह सहमति बनी कि दोनों देशों की औद्योगिक साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंवेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मॉस्को प्रतिनिधिमंडल को उत्तर प्रदेश आकर संभावित निवेश स्थलों का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया। प्रत्युत्तर में मॉस्को टीम ने इंवेस्ट यूपी को अपने आगामी रोडशो में भाग लेने और सहयोग के ठोस अवसरों की पहचान दिलाने के लिए आमंत्रित किया।

### निवेश प्रोत्साहन नीति में चार कंपनियों को मदद

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के अंतर्गत चार कंपनियों को 61.96 करोड़ रुपये प्रोत्साहन देने का फैसला किया है। मेसर्स ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड-बाराबंकी को 30.82 करोड़ रुपये, मेसर्स जेके सीमेंट लिमिटेड-हमीरपुर को 9.92 करोड़ रुपये, मेसर्स कनोडिया सीमेंट को 18.69 करोड़ रुपये और मेसर्स यूनिलीवर इंडिया लिमिटेड-हमीरपुर के लिए 2.53 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन देने को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव नियुक्ति एम देवराज, सीईओ इंवेस्ट यूपी विजय किरण आनंद मौजूद रहे।